भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3101**

जिसका उत्तर 19 मार्च, 2025 को दिया जाना है

28 फाल्गुन, 1946 (शक)

**सामान्य सेवा केंद्र**

**3101. श्री प्रद्युत बोरदोलोई** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) की संख्या पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) सहित राज्यवार कितनी है;

(ख) राज्यवार विशेषकर पूर्वोत्तर क्षेत्र में कितने सीएससी चालू होने के बाद बंद कर दिए गए तथा इसके सामान्य कारण क्या हैं;

(ग) सीएससी के प्रभारी ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) की राज्यवार, विशेषकर पूर्वोत्तर क्षेत्र में औसत आय कितनी है;

(घ) सीएससी में उपलब्ध औसत इंटरनेट स्पीड राज्यवार विशेषकर पूर्वोत्तर क्षेत्र में कितनी है तथा इसकी राष्ट्रीय औसत क्या है; और

(ङ) गत पांच वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में सीएससी के माध्यम से किए गए लेन-देन की संख्या कितनी है ?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ङ): कॉमन सर्विसेज सेंटर (सीएससी) कार्यक्रम, नागरिकों के लिए सेवाओं तक आसान पहुंच को सक्षम करने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। सीएससी नागरिकों तक विभिन्न सेवाओं की डिलीवरी के लिए एक पहुंच बिंदु हैं। सीएससी का संचालन गांव स्तर के उद्यमियों द्वारा किया जाता है। सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, अपने डिजिटल सेवा प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म के माध्यम से केंद्रीय रूप से सेवाओं की बोर्डिंग और डिलीवरी को सक्षम करने के लिए एक समन्वय एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने बताया कि 31.01.2025 तक देश भर में कुल 5,97,441 सीएससी चालू हैं जिनमें से 4,73,357 सीएससी ग्राम पंचायत (जीपी) स्तर पर काम कर रहे हैं। जनवरी 2025 तक पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) सहित सीएससी रोलआउट की राज्यवार स्थिति अनुबंध-**I** में दी गई है। एनईआर में सीएससी के माध्यम से किए गए लेन-देन की संख्या अनुबंध **II** में दी गई है।

सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने बताया है कि एनईआर सहित देश भर में कुल 13,664 सीएससी विभिन्न कारणों से बंद हो गए हैं, जिनमें परिचालन और प्रशासनिक चुनौतियाँ जैसे कम फुटफॉल, स्थिरता और स्थिर इंटरनेट कनेक्टिविटी की विश्वसनीयता शामिल हैं। एनईआर में बंद सीएससी के संबंध में स्थिति **अनुबंध-III** में दी गई है।

इसके अलावा, सीएससी एसपीवी ने अवगत कराया है कि सीएससी संचालित करने वाले वीएलई (ग्राम स्तरीय उद्यमी) उद्यमी हैं और उनकी आय उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और स्थानीय मांग पर निर्भर करती है, जिसके लिए उन्हें सेवाओं की डिलीवरी के लिए एक निर्धारित राशि का कमीशन मिलता है। सीएससी एसपीवी और वीएलई के बीच राजस्व-साझाकरण 20:80 के अनुपात में है। इसपे ध्यान दिया जा सकता है कि सीएससी एसपीवी द्वारा वीएलई को कोई मौद्रिक सहायता प्रदान नहीं की जाती है। इसके अलावा, वीएलई सीएससी केंद्रों के कामकाज के लिए आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं से विभिन्न गति चुनते हैं।

********

अनुबंध-I.

| जनवरी 2025 तक सीएससी रोलआउट की स्थिति | | |
|---|---|---|
| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कार्यात्मक सीएससी (शहरी + ग्रामीण) | जीपी स्तर पर कार्यात्मक सीएससी |
| अंडमान और निकोबार | 92 | 68 |
| आंध्र प्रदेश | 13,015 | 9,620 |
| अरुणाचल प्रदेश | 275 | 205 |
| असम | 15,821 | 14,502 |
| बिहार | 56,556 | 50,383 |
| चंडीगढ़ | 117 | 9 |
| छत्तीसगढ | 20,782 | 16,601 |
| दादरा और एनएच, डी एंड डी | 160 | 113 |
| दिल्ली | 4573 | 0 |
| गोवा | 280 | 210 |
| गुजरात | 18,638 | 13,300 |
| हरियाणा | 20,074 | 14,044 |
| हिमाचल प्रदेश | 6,407 | 5,662 |
| जम्मू और कश्मीर | 7,933 | 6,685 |
| झारखंड | 25,369 | 22,309 |
| कर्नाटक | 19,129 | 14,910 |
| केरल | 9,948 | 7,965 |
| लद्दाख | 79 | 66 |
| लक्षद्वीप | 22 | 22 |
| मध्य प्रदेश | 50,434 | 38,242 |
| महाराष्ट्र | 59,149 | 44,328 |
| मणिपुर | 1,093 | 888 |
| मेघालय | 1,134 | 1,027 |
| मिजोरम | 602 | 432 |
| नागालैंड | 541 | 364 |
| ओडिशा | 23,496 | 20,798 |
| पुदुचेरी | 319 | 184 |
| पंजाब | 10,058 | 7,021 |
| राजस्थान | 23,770 | 18,831 |
| सिक्किम | 233 | 199 |
| तमिलनाडु | 19,562 | 13,506 |
| तेलंगाना | 8,381 | 5,553 |
| त्रिपुरा | 2,010 | 1,647 |

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 1,42,356 | 1,13,664 |
| उत्तराखंड | 9,498 | 7,047 |
| पश्चिम बंगाल | 25,535 | 22,952 |
| **कुल** | **5,97,441** | **4,73,357** |

******

अनुबंध-II .

| राज्यवार लेन-देन उत्तर पूर्वी क्षेत्र वित्त वर्ष -20-21 से वित्त वर्ष-24-25 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| राज्य | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (अप्रैल'24-जनवरी'25) |
| अरुणाचल प्रदेश | 0.89 | 1.39 | 1.70 | 1.28 | 1.42 |
| असम | 41.05 | 75.28 | 88.81 | 138.60 | 115.02 |
| मणिपुर | 4.01 | 6.11 | 4.03 | 2.89 | 3.01 |
| मेघालय | 2.32 | 4.64 | 4.50 | 10.10 | 8.69 |
| मिजोरम | 0.48 | 1.09 | 1.81 | 2.80 | 2.75 |
| नागालैंड | 1.08 | 3.44 | 2.11 | 3.60 | 2.16 |
| सिक्किम | 0.63 | 0.91 | 0.83 | 0.81 | 0.52 |
| त्रिपुरा | 11.56 | 22.02 | 20.00 | 34.50 | 16.72 |
| **कुल योग** | **62.01** | **114.88** | **123.81** | **194.58** | **150.30** |

अनुबंध III

| जनवरी 2025 तक बंद सीएससी की स्थिति | |
|---|---|
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **सीएससी की संख्या** |
| अंडमान और निकोबार | 0 |
| आंध्र प्रदेश | 653 |
| अरुणाचल प्रदेश | 5 |
| असम | 96 |
| बिहार | 568 |
| चंडीगढ़ | 4 |
| छत्तीसगढ | 571 |
| दादरा और एनएच, डी एंड डी | 6 |
| दिल्ली | 20 |
| गोवा | 33 |
| गुजरात | 63 |
| हरियाणा | 270 |
| हिमाचल प्रदेश | 65 |
| जम्मू और कश्मीर | 194 |
| झारखंड | 848 |
| कर्नाटक | 476 |
| केरल | 51 |
| लद्दाख | 7 |
| लक्षद्वीप | 0 |
| मध्य प्रदेश | 516 |
| महाराष्ट्र | 3,885 |
| मणिपुर | 26 |
| मेघालय | 39 |
| मिजोरम | 1 |
| नागालैंड | 3 |
| ओडिशा | 183 |
| पुदुचेरी | 7 |
| पंजाब | 62 |
| राजस्थान | 1,363 |
| सिक्किम | 23 |
| तमिलनाडु | 158 |
| तेलंगाना | 27 |
| त्रिपुरा | 111 |
| उत्तर प्रदेश | 2,570 |
| उत्तराखंड | 191 |
| पश्चिम बंगाल | 569 |
| **कुल** | **13,664** |

*******